# ।। कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला झुन्झुनू।।

क्रमांक–न–5( ) झु.फोर्स / कानि भर्ती 2023 / 4156 दिनांक:– 28.04.2025

## नियुक्ति आदेश कानिस्टेबल सामान्य ड्यूटी

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान, जयपुर की विज्ञप्ति क्रमांक न–5(15) पु.फो. / कानि.भर्ती–23 / 3346 दिनांक 03–08–2023 संशोधित विज्ञप्ति क्रमांक 3363 दिनांक 04.08.2023 एवं 3665 दिनांक 21.08.23 एवं स्थाई आदेश 4 / 2023 के प्रावधानानुसार झुन्झुनू में कानिस्टेबल (सामान्य ड्यूटी नॉन टीएसपी) वर्गवार 95 रिक्त पदों की पूर्ति हेतु शारीरिक दक्षता एवं मापतौल परीक्षा दिनांक 29.12.23 एवं 30.12.2024 को राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर में आयोजित की गई, जिसमें उ अभ्यार्थियों की विज्ञप्ति में अंकितानुसार कम्प्युटर आधारित परीक्षा (CBT) दिनांक 13.06.2024 व 14.06.2024 को आयोजित की गई, कम्प्युटर आधारित परीक्षा (CBT) में सफल अभ्यार्थियों की चयन बोर्ड द्वारा पुलिस मुख्यालय से प्रदत दिशा–निर्देशानुसार दिनांक 04.10.2024 को 85 एवं खेलकोटे के लिए 01 पद के विरूद्व रिक्त रखे गये 10 पदों पर द्वारा दिनांक 29.11.2024 रिव्यू किया जाकर 10 अभ्यार्थियो का वरियतानुसार चयन किया गया। उपरोक्त चयनित अभ्यार्थियों में से अन्य विभाग में नियोजन, स्वास्थ्य परीक्षण अयोग्य एवं नियुक्ति के अनिच्छुक डयुटी ज्वाईन नहीं करने वाले अभ्यार्थियों का नाम चयन सूची से आदेश प्रत्याहरित (Withdraw) / विलोपित कर इनके स्थान पर समग्र मै सूची से रिक्त हुये पदों को भरने हेतु अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड, राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांक न–5(24) पु.फो. / कानि. भर्ती–23 / 2023 / 580 दि 11.02.2025 के द्वारा कॉन्स्टेबल भर्ती 2023 में चयन सूची पर लिये गये अभ्यार्थियों में से नियुक्ति के अनिच्छुक / अन्यत्र नियोजन अन्य कारणों से रिक्त हुए पदों की वर्ग / लिंग पूर्ति हेतु चयन बोर्ड को रिव्यू कार्यवाही हेतु गठित किया गया। रिव्यू कार्यवाही दिनांक 27.02.2025 को रिव्यू बोर्ड की कार्यवाही कर शेष रहे 09 रिक्त पदो पर समग्र मैरीट सूची वरीयतानुसार नव अभ्यार्थियो का चयन किया गया। चयन सूची पर लिए गये अभ्यार्थियों का पुलिस मुख्यालय के अनुमोदन के बाद निर्देशानुसार बायोमैट्रीक जांच करने के स्वास्थ्य परीक्षण, चरित्र सत्यापन, जाति प्रमाण पत्र सत्यापन एवं शैक्षणिक योग्यता / जन्मतिथि सत्यापन में नियुक्ति हेतु उपयुक्त पाये जाने पर निम्नलिखित अभ्यार्थियों को एतद राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा में परिवीक्षाधीन प्रशिक्षणार्थी के रूप में कानिस्टेबल (ए.पी.) के पद पर पुलिस लाईन झुन्झुनूं में उपस्थिति देने की तिथि से 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि के लिए राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर जारी निर्देश / परिपत्र तथा सेवा नियमों के अनुसार देय वेतन–भत्ते पर पूर्णतया अस्थायी नियुक्ति प्रदान की जाती है:–

| क्र. स. | चयन सूची क्रमांक | रोल नम्बर | नाम अभ्यर्थी | पिता का नाम | स्थाई पता | जन्म तिथि | शिक्षा | जाति | वर्ग | चयन वर्ग | उंचाई सेमी में | सीना बिना फुलाये (सेमी) | सीना फुलाने पर (सेमी) | वजन (Kg) | अ बे न |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 47 | 1024770 | DEEWAN SINGH GURJAR | NATHOLI GURJAR | गांव थरकापुरा, पोस्ट तुलसीपुरा, थाना सदर करौली, जिला करौली–322241 | 20-10-98 | BSC | गुर्जर | MBC NON-CREAMY | GEN MALE-37 | 175.1 | 81.5 | 87.5 | - | 1 |

| | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 48 | 1036136 | NIKHIL DHILLAN | NARESH KUMAR | गांव जयमल का बास, पोस्ट पुहानियां, थाना सिंघाना, जिला झुन्झुनूं–333516 | 26-11-98 | BSC | जाट | OBC-NON CREAMY | GEN MALE-38 | 189.9 | 93.5 | 101.2 | - |
| 3 | 49 | 1037232 | BABU LAL GURJAR | SHIV RAM GURJAR | ढाणी चेताकी, पोस्ट बासड़ी खुर्द, तहसील नीमकाथाना, थाना थोई, जिला सीकर–332708 | 30-01-99 | BSC | गुर्जर | MBC NON-CREAMY | GEN MALE-39 | 186.7 | 82.2 | 92.5 | - |
| 4 | 54 | 1026366 | MANOHAR SINGH | HANUMAN SINGH | गांव कुड़ली, पोस्ट डीकावा, तहसील व थाना डीडवाना, जिला डीडवाना–कुचामन–341506 | 10-08-98 | BA | राजपूत | GENERAL - EWS | EWS MALE-6 | 176.4 | 83.5 | 91.9 | - |
| 5 | 57 | 1026074 | MANJEET SINGH | DAULAT SINGH | ग्राम पोस्ट–दूराना, थाना सदर, जिला झुन्झुनूं–333041 | 15-08-97 | MA | राजपूत | GENERAL - EWS | EWS MALE-7 | 172.8 | 92.1 | 99.9 | - |
| 6 | 87 | 1024435 | PRIYANKA KUMARI | D/O SATYVEER W/o KHEMCHAND JURJAR | गांव पोस्ट जसरापुर (ढाणी रामा) तहसील खेतड़ी, थाना खेतड़ीनगर जिला झुन्झुनूं–333514 | 05-11-96 | BA | गुर्जर | MBC NON-CREAMY | MBC. FEMALE-1 | 159.2 | 0 | 0 | 48.6 |
| 7 | 91 | 1036823 | JAIPAL SINGH YADAV | MAHENDRA SINGH YADAV | गांव गोपालपुरा, पोस्ट सुरजगढ, जिला झुन्झुनूं–333029 | 05-06-84 | BA | यादव | OBC-NON CREAMY | EX. OBC- 1 | 172.3 | 84.4 | 98.1 | - |

## उपरोक्त अभ्यर्थियों को कानिस्टेबल के पद पर नियुक्ति निम्नांकित शर्तो के अध्याधीन दी जा रही है :–

1– वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक: एफ.15 (1) एफ.डी./रूल्स/2017 दिनांक 30.10.2017 के Schedule- IV (Rule No 16) द्वारा दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि में प्रोबेशनरी ट्रेनी के रूप में नियुक्ति दिये पर (Fixed Remuneration) कानि. अधीनस्थ सेवा संवर्ग में प्रोबेशनरी ट्रेनी के रूप में पे मेट्रिक्स लेवल–05 में 14600/–रूपये मासिक पारिश्रमिक (Fixed Remuneration) प्राप्त करेगें। राज्य सरकार समय–समय पर जारी आदेशानुसार/नियमानुसार पेंशन योजना के नियम लागू होगें। इन्हें परिवीक्षा काल में नियमानुसार अवकाश देय होगा।

2–उपरोक्त नव नियुक्त अभ्यर्थियों की नियुक्ति दो वर्ष के लिए परिवीक्षाकाल हेतु की गई है। दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि समाप्त होने पर इनकी सेवाओं की समीक्षा की जायेगी तथा सेवाएं सन्तोष जनक पाये जाने पर इनका सेवाकाल सक्षम अधिकारी (नियुक्ति अधिकारी) द्वारा बढ़ाया जावेगा। दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि संतोषजनक पाये जाने पर वित्त विभाग की अधिसूचना क्रमांक: एफ.15 (1) एफ/रूल्स/2017 दिनांक 30.10.2017 के Schedule- I (Part B) ( Rule no 5) (VI) and (VII) की Cell No-1 के लेवल–5 में 20800 /– एवं अन्य निर्धारित भत्ते नियमानुसार प्राप्त करेगें।

3– यह नियुक्ति राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989, राजस्थान सेवा नियम एवं राज्य सरकार/पुलिस मुख्यालय द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों एवं शर्तो के अध्यधीन है।

4– परिवीक्षाधीन अवधि में यदि इनका कार्य संन्तोषजनक नहीं पाये जाने एवं इनके विरूद्व किसी प्रकार का चारित्रिक या आपराधिक अथवा तथ्य छिपाने का कोई मामला प्रकाश में आता है तो इन्हें बिना दिये राज्य सेवा से पृथक (डिस्चार्ज) कर दिया जावेगा। इस अधिसूचना के अंकितानुसार किसी प्रकार का विशेष वेतन भत्ते इत्यादि देय नहीं होंगे तथा नियमानुसार जीपीएफ/बीमा की कटौती होगी नियमानुसार आकस्मिक अवकाश एवं अन्य अवकाश देय होंगे। परिवीक्षा काल में महिला प्रशिक्षु को नियमानुसार मातृत्व एवं पुरूष प्रशिक्षु को पितृत्व अवकाश देय होगा।

- कानि. पद की मेट्रिक्स लेवल–05 में 14600/–रूपये मासिक पारिश्रमिक (Fixed Remuneration) प्राप्त करेगी। परिवीक्षाकाल वेतन वृद्धि हेतु नहीं गिना जावेगा।
- राज्य सरकार का परिपत्र आदेश कमांक 4–7(1)कार्मिक/क–2/95/पार्ट/जयपुर दिनांक 13.08.2004 की अनुपालना में किसी भी अभ्यर्थी के दिनांक 01.06.2002 को या उसके पश्चात दो से अ संतान हो, वह नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा। अभ्यर्थी के एक से अधिक जीवित पत्नियां/पति नहीं हो, अभ्यर्थी द्वारा अपनी शादी में दहेज लिया/दिया गया हो तो, इसका शपथ पत्र पेश होगा। विवाहित होने की स्थिति में पंजीकरण प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
- रिकुट अभ्यर्थी द्वारा इस आशय का एक 50 रूपये का बाण्ड नियमानुसार राशि के नॉन ज्यूडिसियल स्टॉप पर निर्धारित प्रारूप में टंकण करवाकर प्रस्तुत करना होगा, जिसके अनुसार यदि अ प्रशिक्षण अवधि में या प्रशिक्षण समाप्त होने पर दो वर्ष तक किसी भी कारणवश पुलिस विभाग की सेवा छोड़ता है तो उसे नियमानुसार राशि राजकोष में जमा करवानी होगी एवं राजस्थान सेवा नियम में निहित प्रावधानानुसार कार्यवाही अमल में लावी जावेगी।
- नियुक्ति प्रदान किये गये अभ्यर्थी को मैस एडवान्स राशि साथ लेकर मय आवश्यक साज सामान के निर्धारित तिथि तक रिजर्व पुलिस लाईन, जिला झुन्झुनू में उपस्थिति प्रस्तुत करना अनिवार्य है ।
- अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत मूल प्रमाण पत्रों में कॉन्स्टेबल भर्ती– 2023 हेतु जारी विज्ञाप्ति के अनुसारें किसी में भी असत्यता पाये जाने पर नियुक्ति आदेश निरस्त किया जावेगा ।
- नव नियुक्त सभी अभ्यर्थीगण भारतीय स्टेट बैंक में खाता होने की पासबुक की स्वयं प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करेगें।

डीओबी नं. 421 / 2025

(शरद चौधरी)
उप महानिरीक्षक पुलिस,
जिला झुन्झुनू

क्रमांकः– न–5( )झु.फोर्स/कानि. भर्ती/2023/ 4156 दिनांकः– 26.04.202

प्रतिलिपिः– **निम्नांकित की सेवामें सादर सूचनार्थ प्रेषित है :–**

1. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान, जयपुर।
2. अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, प्रशिक्षण, राजस्थान,जयपुर।
3. महानिरीक्षक पुलिस, मुख्यालय, राजस्थान, जयपुर।
4. महानिरीक्षक पुलिस, जयपुर रेंज, जयपुर/सीकर रेंज।
5. जिला कलक्टर, झुन्झुनू।
6. पुलिस अधीक्षक, करौली, सीकर, डीडवाना कुचामन राजस्थान, को जरिये ईमेल भिजवाकर निवेदन है कि उपरोक्तानुसार नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी जो आपके जि में निवासरत है, जिन्हें संबंधित क्षेत्र के थानाधिकारी के माध्यम से पुलिस लाईन झुन्झुनू में डयूटी ज्वाईन करने हेतु सूचित करने का श्रम करें।

**निम्नंकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला झुन्झुनू/कोषाधिकारी, कोष कार्यालय जिला झुन्झुनू।
2. समस्त वृत्ताधिकारीगण/थानाधिकारीगण, जिला झुन्झुनू।
3. संचित निरीक्षक, रिजर्व पुलिस लाईन, जिला झुन्झुनू को भिजवाकर लेख है कि नव नियुक्त कानि. के उपस्थित होने पर इनसे निर्धारित किये गये शपथ–पत्र प्राप्त कर अ करें एवं ड्यूटी ज्वाईन की सूचना इस कार्यालय में भिजवाना सुनिश्चित करें।
4. प्रशासनिक अधिकारी/सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–प्रथम, लेखा शाखा/प्रभारी, गोपनीय शाखा/डीओबी/एसआर लिपिक/प्रशिक्षण लिपिक।
5. प्रभारी, पुलिस नियन्त्रण कक्ष को भिजवाकर लेख है कि उपरोक्तानुसार समस्त अभ्यर्थियों को उनके मोबाईल नम्बर पर निश्चित तिथि तक रिजर्व पुलिस लाईन, जिला झु में उल्लेखित आवश्यक दस्तावेजों सहित उपस्थित होने हेतु सूचित करवाकर पालना से अवगत करावें।
6. आदेश पंजिका/निजी पत्रावली/राजकाज, कार्यालय हाजा।
7. समस्त संबंधित चयनित अभ्यर्थी................................।

उप महानिरीक्षक पुलिस
जिला झुन्झुनू